Class - II

Subject - Hindi

## पाठ-1 (कौन सिखवाता है)

बच्चो! आज हम पाठ-1 शुरू करेंगे, जो एक कविता है। मैं कविता का सारांश भेज रही हूँ। जो कविता को समझने में मदद करेगा। इसे कॉपी में नहीं लिखना है।

इस कविता में कवि चिड़ियों की जीवन शैली का वर्णन करते हुए बता रहे है कि ये सब कुदरत (प्रकृति) का खेल है। जिस प्रकार चिड़ियों को चहचहाना, फुदकना, चलना-फिरना, उड़ना, तिनकों से घोंसला बनाना, बच्चों को पालना, प्यार-दुलार करना कौन सिखाता है? ये सब इन्हें कोई नहीं सिखाता। ये तो कुदरत की देन है। कुदरत (प्रकृति) ये सभी वरदान के रूप में देती है। और बदले में कुछ नहीं लेती है। मानव, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे सभी प्रकृति के वंशज (अंश) है जैसे- सूरज, चाँद-तारे हैं।

(2) यह चित्र अपनी CW कॉपी में बनाएँ फिर शब्दार्थ लिखें।



# पाठ-1
## कौन सिखाता है।

### I शब्दार्थ

1. चौकसी - रखवाली
2. अंश - भाग
3. तरु - पेड़
4. कुदरत - प्रकृति
5. वंशज - वंश में पैदा हुए

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र०1. ची-ची, ची-ची किसकी आवाज है?
उ०:- ची-ची, ची-ची चिड़ियों की आवाज़ है।

प्र० 2. चिड़ियों को चलना-फिरना, उड़ना आदि कौन सिखाता है?
उ०:- चिड़ियों को चलना-फिरना, उड़ना आदि कुदरत (प्रकृति) सिखाती है।

के अधि

हाराज
त: एक



प्र० 3. चिड़िया अपना घोंसला कैसे बनाती है?
उ०:- चिड़िया तिनके ला-लाकर अपना घोंसला बनाती है।

प्र० 4. कुदरत सब कुछ देकर बदले में क्या लेती है?
उ०:- कुदरत सब कुछ देकर बदले में कुछ नहीं लेती है।

प्र० 5. हम सब किसके अंश हैं?
उ०:- हम सब कुदरत के अंश हैं।

II निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही या गलत लिखिए।

1. चिड़िया घास खाती है। (गलत)
2. पेड़-पौधे भी प्रकृति के अंश हैं। (सही)
3. कुदरत सबको बिना मोल कुछ नहीं देती है। (गलत)
4. चिड़िया अपने बच्चों का पालन-पोषण करना दूसरों से सिखती है। (गलत)
5. चिड़िया आसमान में स्वतंत्र उड़ती है। (सही)

III कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए

1. कौन सिखाता फुर से उड़ना,
दाने चुग - चुग खाना ?

2. कौन सिखाता तिनके ला - लाकर,
घोंसले बनाना ?

3. कुदरत का यह खेल,
वही हम सबको, सब कुछ देती ।

4. किंतु नहीं बदले में हमसे,
वह कुछ भी है लेती।

इन प्रश्नों के उत्तर स्वयं लिखें

I पक्षियों के नाम को उनकी आवाज के साथ मिलाइए।

| | |
|---|---|
| 1. कबूतर | काँव - काँव |
| 2. तोता | चीं - चीं |
| 3. कौआ | पिहू - पिहू |
| 4. चिड़िया | गुटर - गूँ |
| 5. मोर | टें - टें |

II मिलते - जुलते शब्दों को एक खाने में लिखिए।

(6)

[सब, दाने, खाना, करना, जब, गाना, मरना, लाने
अब, माने, चरना, जाना]

उ०:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सब | दाने | खाना | करना |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

—x — x —

(7)

2. कुदरत सब कुछ देकर बदले में क्या लेती है ?
3. हम सब किसके अंश हैं ?

**ख. कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

1. कौन सिखाता फुर से उड़ना,
   ______________________ ?
2. कौन सिखाता तिनके ला-लाकर,
   ______________________ ?
3. कुदरत का यह खेल,
   ______________________ ।
4. किंतु नहीं बदले में हमसे,
   ______________________ ।

**ग. चिड़िया के विषय में कौन-सी बात सही नहीं है ?**

1. चिड़िया चीं-चीं करती है। ☐
2. चिड़िया घास खाती है। ☐
3. चिड़िया तिनका ला-लाकर घोंसला बनाती है। ☐
4. चिड़िया आसमान में उड़ती है। ☐
5. चिड़िया अपने बच्चों का पालन-पोषण नहीं करती है। ☐

**भाषा-बोध**

**क. जो मेल नहीं खाता, उस पर × लगाइए–**

1. (i) फुदक-फुदक ☐ (ii) ठुमक-ठुमक ☐
   (iii) चलना-फिरना ☐ (iv) मटक-मटक ☐
2. (i) चीं-चीं ☐ (ii) काँव-काँव ☐
   (iii) टर्र-टर्र ☐ (iv) चीखना ☐

Class - II

पाठ - 2
तेनालीराम की परीक्षा

बच्चों यह पाठ तेनालीराम की चतुराई की कहानी है। इसे कॉपी में नही लिखना है। यह पाठ का सारांश है जो आपको पाठ समझने में सहायक होगा।
इस पाठ में तेनालीराम राजा कृष्णदेव राय के दरबार में मंत्री थे। महाराज के अधिकांश मंत्री उनकी चतुराई और सूझ-बूझ से जलते थे। सभी मंत्रियों ने राजा से अपील की कि हमें भी अपने आपको श्रेष्ठ साबित करने के लिए अवसर दिया जाए। परंतु तेनालीराम उसमें दखल न दें। महाराज ने सभी को एक कार्य करने को कहा - वह था " दो हाथ धुँआ राजा को देना।" इस कार्य में सभी मंत्री असफल रहे। अंत में तेनालीराम ने अपनी बुद्धिमतता से इस कार्य को बड़ी आसानी से कर दिया। इस प्रकार एक बार फिर तेनालीराम ने अपनी छवि को राजदरबार में कायम रखा।

शब्दार्थ

1. चर्चा — बातचीत

9

| | | |
|---|---|---|
| 2. | टाँग अड़ाना | – रुकावट पैदा करना |
| 3. | प्रतिमा | – मूर्ति |
| 4. | संकेत | – इशारा |
| 5. | सिटपिटाना | – चकराना |
| 6. | मंद-मंद | – धीरे-धीरे |
| 7. | उत्सुकता | – जानने की इच्छा |
| 8. | दृष्टि | – नज़र |
| 9. | प्रसन्न | – खुश |
| 10. | तरकीब | – उपाय |
| 11. | असंभव | – न हो सकने वाला |
| 12. | अन्नदाता | – अन्न देने वाला |
| 13. | चुनौती | – ललकार |
| 14. | सदा | – हमेशा |
| 15. | उपस्थित | – हाज़िर |
| 16. | सौंपना | – देना |
| 17. | प्रशंसा | – बड़ाई |
| 18. | तत्काल | – तुरंत |
| 19. | सन्नाटा | – चुप्पी |
| 20. | ईर्ष्या | – जलन |
| 21. | मुकाबला | – सामना |

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र०1. महाराज कृष्णदेव राय के अधिकांश मंत्री किससे जलते थे?

उ०:- महाराज कृष्णदेव राय के अधिकांश मंत्री तेनालीराम से जलते थे।

प्र०2. सभी दरबारी महाराज कृष्णदेव राय की किस बात से प्रसन्न हो उठे ?

उ०:- महाराज कृष्णदेव राय ने सभी दरबारियों को उनकी योग्यता सिद्ध करने का एक मौका देने की बात को स्वकार कर लिया। इसलिए सभी प्रसन्न हो उठे।

प्र०3. योग्यता सिद्ध करने के लिए कृष्णदेव राय ने दरबारियों को क्या कार्य दिया ?

उ०:- योग्यता सिद्ध करने के लिए कृष्णदेव राय ने दरबारियों को राजमहल में जलती हुई धूपबत्ती का दो हाथ लंबा धुआँ लाने का कार्य दिया।

प्र०4. सभी दरबारी थक-हारकर क्यों बैठ गए ?

उ०:- सभी दरबारी धुआँ नापने के अनेक प्रयास करते रहे, लेकिन वे इसकार्य में असफल रहे।और अंत में थक-हारकर बैठ गए।

प्र० 5- तेनालीराम ने दो हाथ लंबा धुआँ किस प्रकार नापा ?

उ०:- तेनालीराम ने दो हाथ लंबी काँच की एक नली लेकर उसे धुएँ से भर दिया और नली के दोनों मुँह को कपड़े से बंद कर दिया। फिर इस धुएँ वाली नली को राजा को सौंप दिया।

प्र०6 'धुएँ' के समान और कौन-कौन सी चीजें नहीं नापी जा सकतीं ?

उ०:- 'धुएँ' के समान हवा, आग व पानी की लंबाई भी नहीं नापी जा सकती।

II खाली स्थान भरिए।

1. अचानक चतुर और चतुराई पर चर्चा चल पड़ी
2. सभी लोगों को अपनी योग्यता सिद्ध करने का अवसर दिया।
3. कई दरबारियों ने हाथ से धुआँ नापने की कोशिश
4. धुएँ को नापना हमारी दृष्टि से असंभव है।
5. मैंने सदा आपके आदेश का पालन किया है।
6. दरबार में सन्नाटा छाया रहा।

लिखित (12)

## क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. महाराज कृष्णदेव राय के अधिकांश मंत्री किससे जलते थे ?
2. सभी दरबारी महाराज कृष्णदेव राय की किस बात से प्रसन्न हो उठे ?
3. योग्यता सिद्ध करने के लिए कृष्णदेव राय ने दरबारियों को क्या कार्य दिया ?
4. सभी दरबारी थक-हारकर क्यों बैठ गए ?
5. तेनालीराम ने दो हाथ लंबा धुआँ किस प्रकार नापा ?

(पेज 18, 19, 20 तक Book में है)

## ख. किसने-किससे कहा–

1. ``हर मामले में तेनालीराम अपनी टाँग अड़ाते हैं और चतुराई का श्रेय स्वयं ले जाते हैं।''

   सेनापति ने महाराज से कहा।
2. ``आप लोगों को अपनी योग्यता सिद्ध करने का अवसर दिया जाएगा।''

   महाराज ने सभी दरबारियों से कहा।
3. ``मैंने सदा आपके आदेश का पालन किया है, इस बार भी करूँगा।''

   तेनालीराम ने महाराज से कहा।
4. ``अब तो आप लोग मान गए कि तेनालीराम बुद्धिमान हैं और उनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता।''

   महाराज ने सभी दरबारियों से कहा।

## ग. बहुविकल्पीय प्रश्न

**सही उत्तर वाले विकल्प पर (✓) लगाइए–**

1. महाराज कृष्णदेव राय अपने दरबारियों के साथ किस चर्चा में व्यस्त थे ?
   - (i) वीर और वीरता की चर्चा में ☐
   - (ii) चतुर और चतुराई की चर्चा में ☑
   - (iii) सुंदरता की चर्चा में ☐
   - (iv) अच्छे कार्यों की चर्चा में ☐

13

2. दो हाथ लंबा धुआँ नापने में कौन सफल हुआ ?

(i) महाराज कृष्णदेव राय ☐ (ii) सेनापति ☐
(iii) तेनालीराम ☑ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

3. महाराज कृष्णदेव राय के दरबार में किसकी बुद्धिमानी का कोई मुकाबला नहीं कर सकता था ?

(i) तेनालीराम ☑ (ii) सेनापति ☐
(iii) संगीतज्ञ ☐ (iv) राजपुरोहित ☐

## घ. विचारात्मक प्रश्न

- यदि तेनालीराम दो हाथ लंबा धुआँ नापने में सफल न होता तो क्या होता ?
- 'धुएँ' के समान और कौन-कौन सी चीज़ें नहीं नापी जा सकतीं ?

## भाषा-बोध

## क. निम्नलिखित शब्दों को और क्या कहा जाता है–

1. प्रतिमा मूर्ति  2. चतुर बुद्धिमान
3. अवसर मौका  4. प्रश्न उत्तर
5. सम्मान मान/आदर प्रतिष्ठा  6. शाम संध्या

## ख. सही वर्तनी वाले शब्दों पर सही (✓) लगाइए–

1. (i) योगता ☐ (ii) योग्यता ☑ (iii) योगयता ☐
2. (i) प्रतिमा ☑ (ii) प्रतीमा ☐ (iii) प्रातिमा ☐
3. (i) दरवारी ☐ (ii) दरबारि ☐ (iii) दरबारी ☑
4. (i) उपस्थित ☐ (ii) उपिसथित ☐ (iii) उपस्थित ☑

## ग. रेखांकित शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्द 'वह' तथा 'वे' का समुचित प्रयोग कीजिए–

1. <u>अधिकांश मंत्री</u> तेनालीराम से जलते थे।
   <u>वे</u> तेनालीराम से जलते थे।

2. तेनालीराम परीक्षा में पास हो गया।
   वह परीक्षा में पास हो गया।
3. रीता बहुत प्रसन्न है।
   वह बहुत प्रसन्न है।
4. लड़के बाहर खेल रहे हैं।
   वे बाहर खेल रहे हैं।
5. पिता जी घर आ चुके हैं।
   वे घर आ चुके हैं।
6. महिलाएँ बातें कर रही हैं।
   वे बातें कर रही हैं।

**घ. 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाइए–** H.W.

योग्य — ता — योग्यता
विनम्र — ता — ____
वीर — ता — ____
कुशल — ता — ____
गंभीर — ता — ____

## पाठेतर कार्य

**क. आपकी कक्षा में कौन सबसे बुद्धिमान है? क्या वह किसी के कार्य में टां… अड़ाता है?**

**ख. आपकी योग्यता की परीक्षा कैसे होती है? परीक्षा पास करने के लिए आप क्… करते हैं?**

(15)

Class-II

पाठ- 3


# सोनामन

बच्चों यह पाठ का सारांश है। इसे कॉपी में नहीं लिखना है। इससे आपको पाठ समझने में आसानी होगी।

पाठ-3 सोनामन एक बालक और एक तोते की कहानी है। जिसमें बालक चिंटू अपनी किताब में तोते के पाठ को पढ़कर तोता पालने की सोचता है। उसके दादाजी उसे तोता खरीदकर दे देते हैं। वे सब उस तोते का नाम सोनामन रखते हैं। चिंटू व घर के सभी सदस्य उस तोते (सोनामन) की बहुत देखभाल करते और उसके बोलने से खुश होते थे। एक दिन चिंटू ने छत पर कुछ पक्षियों को मौज - मस्ती करते देखा तो उसे लगा कि दूसरे पक्षियों की तरह सोनामन को भी स्वतंत्रता पूर्वक मस्ती करने का मन करता होगा। यह सोचकर चिंटू ने सोनामन को पिंजरे से आजाद कर दिया। और पिंजरा बंद कर दादाजी के साथ छत से नीचे आ गया।

## I शब्दार्थ

1. चर्चा - बातचीत
2. अचरज - आश्चर्य
3. नन्हे - छोटे



(16)

4. गौर से - ध्यान से
5. झटपट - जल्दी-जल्दी
6. बेचैन - चैन न होना
7. सुंदर - खूबसूरत

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र० 1. चिंटू ने अपने घर में क्या पाला?
उ०:- चिंटू ने अपने घर में एक सुंदर-सा हरा तोता पाला।

प्र० 2. चिंटू के घर में सबकी आँखों का तारा कौन था?
उ०:- चिंटू के घर में सबकी आँखों का तारा सोनामन था।

प्र० 3. चिंटू के घर में सोनामन की देख-भाल कैसे की जाती थी?
उ०:- चिंटू के घर में सोनामन को साफ कटोरियों में पानी व रोटी के टुकड़े करके खाने के लिए देते थे।

प्र० 4. चिंटू की आँखों में खुशी के आँसू कब निकल आए?
उ०:- सोनामन ने जब पहली बार चिंटू का नाम बोला तो चिंटू की आँखों से खुशी के आँसू निकल आए।

प्र० 6. एक शाम चिंटू सोनामन को कहाँ ले गया?
उ०:- एक शाम चिंटू सोनामन को अपने घर की छत पर ले गया।

classmate
Date
Page

प्र०6. सोनामन को पक्षियों के साथ खेलते हुए देखकर चिंटू ने क्या किया?
उ०:- सोनामन को पक्षियों के साथ खेलते हुए देखकर चिंटू ने उसे उनके साथ छोड़कर पिंजरा बंद कर दिया और दादा जी के साथ नीचे आ गया।

प्र०7 चिंटू से क्या भूल हो गई थी?
उ०:- सोनामन को स्वतंत्र दूसरे पक्षियों के साथ खुश देखकर कर चिंटू को लगा कि उससे भूल हो गई थी जो उसने इतने दिन सोनामन को कैद करके रखा।

प्र०8. अन्य पक्षियों को छत पर खेलता देखकर सोनामन के मन में क्या विचार आया होगा?
उ०:- अन्य पक्षियों को छत पर खेलता देखकर सोनामन के मन में यह विचार आया होगा कि काश! मैं पिंजरे से बाहर होता तो इन सब की तरह खेलता और अपनी इच्छा से जीता।

प्र०9. चिंटू ने क्या सोचकर सोनामन को पिंजरे से बाहर निकाला होगा?
उ०:- चिंटू को लगा होगा कि अन्य पक्षियों की तरह सोनामन को भी बाहर खेलने-उड़ने व मौज-मस्ती करने का मन करता होगा। यही सोचकर उसने सोनामन को पिंजरे से बाहर निकाला होगा।

(18)

लिखित

क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– Fill in book.

1. चिंटू के घर में सबकी आँखों का तारा कौन था ?
2. घर पहुँचकर सोनामन की क्या सेवा की गई ?
3. एक शाम चिंटू सोनामन को कहाँ ले गया ?
4. सोनामन को पक्षियों के साथ खेलते हुए देखकर चिंटू ने क्या किया ?

ख. निम्नलिखित वाक्यों में सही कथन पर ✓ और गलत पर × का निशान लगाइए–

1. कबूतर चिंटू के घर में सबकी आँखों का तारा था। [X]
2. घर पहुँचते ही नई चमचमाती हुई छोटी कटोरियाँ तोते के लिए निकाली गईं। [✓]
3. जब सोनामन ने पहली बार चिंटू का नाम बोला, तो खुशी के मारे चिंटू की आँखों से आँसू निकल आए। [✓]
4. थोड़ी ही देर में सोनामन दूसरे पक्षियों के साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगा। [X]
5. चिंटू ने पिंजरे का दरवाज़ा बंद कर दिया और दादा जी से नीचे चलने के लिए कहा। [✓]

ग. बहुविकल्पीय प्रश्न

सही उत्तर वाले विकल्प पर सही ✓ लगाइए–

1. चिंटू ने अपनी कविताओं वाली किताब में किसके बारे में पढ़ा था ?
   (i) कबूतर [ ] (ii) तोता [✓] (iii) कौआ [ ] (iv) मोर [ ]
2. चिंटू से क्या भूल हो गई थी ?
   (i) तोते को पिंजरे से बाहर निकालने की [ ]
   (ii) तोते को पिंजरे में बंद करके रखने की [✓]
   (iii) तोते को दाना-पानी नहीं देने की [ ]
   (iv) तोते को बाज़ार में घुमाने की [ ]

19

घ. विचारात्मक प्रश्न

- अन्य पक्षियों को छत पर खेलता देखकर सोनामन के मन में क्या [illegible] होगा?
- चिंटू ने क्या सोचकर सोनामन को पिंजरे से बाहर निकाला होगा?

भाषा-बोध

क. निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा और विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए-

चिंटू, घर, रंग-बिरंगी, खिलौना, खूबसूरत, छोटी,
पिंजरा, सोनामन, नन्हे, नई

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| चिंटू | रंग-बिरंगी |
| घर | खूबसूरत |
| पिंजरा | छोटी |
| सोनामन | नन्हे |
| खिलौना | नई |

ख. समानार्थी शब्दों का मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| घर | आनंद |
| खुशी | नेत्र |
| आँख | जल |
| पानी | मित्र |
| दोस्त | गृह |

ग. संबंधियों के नाम जोड़िए-

दादा जी दादीजी पापाजी H.W.

पाठेतर कार्य

क. जिस प्रकार
मिलाइए-



ख. निम्नांकि
होगी?

ग. अप

## पाठेतर कार्य

क. जिस प्रकार तोता हरे रंग का होता है, निम्नांकित पक्षियों को उनके रंगों से मिलाइए–







ख. निम्नांकित चित्र को देखिए और बताइए दोनों के मध्य क्या बातचीत हो रही होगी?



ग. अपने मनपसंद पक्षी के बारे में पाँच पंक्तियाँ लिखिए–

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

classmate
Date
Page

# Class - II (Hindi)

## पाठ - 4
## दिन

यह पाठ एक कविता है। इस कविता में बताया गया है कि दिन उजाले (प्रकाश) का प्रतीक है। कर्म करने का प्रतीक है, निः स्वार्थ भाव से सेवा करने का प्रतीक है। हम सभी को दिन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। परेशानियों से लड़ना सिखना चाहिए। बिना रुके आगे बढ़ना सिखना चाहिए।

यह कॉपी में नही लिखना है।

I शब्दार्थ



निकट — पास
कोष - खजाना
तनिक - थोड़ा - सा
नाता - संबंध
दाता - देने वाला
सुस्ताता - आराम करता
गठरिया - गठरी / पोटली

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र०1 दिन आते ही क्या कहता है ?

(22)

उ०:- दिन आते ही सबको कहता है, जागो-जागो

प्र०2. दिन अपने साथ क्या लाता है?
उ०:- दिन अपने साथ धूप भरे पल लाता है।

प्र०3. दिन का सूरज से कैसा नाता है?
उ०:- दिन का सूरज से बड़े निकट का नाता है।

प्र०4. अँधियारे से लड़ना कौन सिखाता है?
उ०:- दिन हमें अँधियारे से लड़ना सिखाता है।

प्र०5. दिन क्या लुटाता है?
उ०:- दिन उजियाला लुटाता है।

प्र०6. दिन को किसके समान दाता बताया गया है
उ०:- दिन को कर्ण के समान दाता बताया गया है

प्र०7 दिन क्या नहीं करता है?
उ०:- दिन आराम नहीं करता है।

प्र०8 दिन कब खो जाता है?
उ०:- शाम होने पर दिन खो जाता है।

प्र०9. सुबह-सुबह जगाने का कार्य और कौन-कौन

दिन

दिन उजाले का प्रतीक है ... का प्रतीक है तथा आशा का प्रतीक है। हम सभी दिन से प्रेरित हों, यही इस

classmate
Date
Page

23

करता है?

उ०:- सुबह-सुबह जगाने का कार्य पक्षी (चिड़िया, मुर्गे) और माता-पिता करते हैं।

—:0:—

2. दिन बाँध लाता गठरिया

बाँध गठरिया लाता दिन ।

3. उजियाली के लुटाता कोष

कोष लुटाता उजियाली के ।

4. नहीं दिन सुस्ताता तनिक

तनिक नहीं सुस्ताता दिन ।

5. दिन हुए शाम खो जाता

शाम हुए खो जाता दिन ।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**सही उत्तर वाले विकल्प पर ✓ लगाइए–**

1. दिन किससे लड़ना सिखाता है?

(i) उजाले से ☐ (ii) अँधियारे से ☑

(iii) सूरज से ☐ (iv) चाँद से ☐

2. कर्ण-सा दाता किसे कहा गया है?

(i) सूर्य को ☐ (ii) चाँद को ☐

(iii) दिन को ☑ (iv) शाम को ☐

## विचारात्मक प्रश्न

■ सुबह-सुबह जगाने का कार्य और कौन-कौन करता है?

## षा-बोध

**'कर्ण-सा दाता' अर्थात 'कर्ण के समान देने वाला' इस आधार पर निम्नलिखित शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए–**

काला, हल्का, टंडा, बड़ा

1. कौए-सा काला
2. रूई-सा [illegible]

(25)

3. पहाड़-सा ____बड़ा____

4. रूई-सा ____हल्का____

**ख. 'व' अथवा 'ब' लिखकर शब्द पूरे कीजिए–**


| | | |
|---|---|---|
| व न | ब करी | ब र्फ |
| व र्षा | प व न | गरी ब |

**ग. तुकबंदी मिलाते हुए शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दिन | गिन | बड़े | खड़े | खेत | रेत |
| दाता | माता | घर | पर | शाम | राम |

## पाठेतर कार्य

**क. 'दिन' को और क्या कहते हैं?**



____दिवस____

____वासर____

____वार____

H.W

**ख. सात दिन के समूह को 'सप्ताह' कहते हैं। सप्ताह के सभी दिनों के नाम लिखि**

1. ______ 2. ______ 3. ______

4. ______ 5. ______ 6. ______

7. ______

## ग. इसे भी जानिए–

पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने होता है, वहाँ दिन होता है और जो भाग पीछे होता है, वहाँ रात होती है, इसे निम्नांकित चित्र द्वारा समझिए–



## घ. आप दिनभर जो कार्य करते हैं, उसे समय-तालिका बनाकर लेखबद्ध कीजिए–

| समय | कार्य |
|---|---|
| | |

(27) Class - II

## पाठ - 5

## राखी का त्योहार



यह पाठ राखी के त्योहार की महत्ता प
आधारित है। इस पाठ में राखी की कु
पौराणिक कथाओं का वर्णन है साथ ही
त्योहार में भाई - बहन के प्यार अ
पन और कर्त्तव्य का बहुत ही सरल
ढंग से वर्णन किया गया है। श्रावण मास
में मनाया जानेवाला यह त्योहार भारत
के प्रमुख त्योहारों में से एक है।

(इसे copy में नही लिखना है)

### I शब्दार्थ

1. प्रतिवर्ष - हर वर्ष
2. प्रारंभ - शुरु
3. दानव - राक्षस
4. शत्रु - दुश्मन

5. प्रतिष्ठित - जिसे आदर - सम्मान प्राप्त हो।
6. संरक्षण - बचाव, हिफ़ाज़त
7. आक्रमण - हमला
8. संकट - मुसीबत
9. अक्षत - बिना टूटा हुआ चावल

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

प्र०1. राखी का त्योहार कब मनाया जाता है?

उ०:- राखी का त्योहार प्रतिवर्ष श्रावण (सावन) मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

प्र०2. पुराणों के अनुसार राखी अथवा रक्षासूत्र किस-किस को बाँधा जा सकता है?

उ०:- पुराणों के अनुसार आप जिसकी रक्षा एवं उन्नति की इच्छा रखते हैं, उसे रक्षासूत्र यानी राखी बाँध सकते हैं, चाहे वह किसी भी रिश्ते में हो।

प्र०3. इंद्र की कलाई पर रक्षासूत्र बाँधने से क्या हुआ?

उ०:- इंद्र की कलाई पर रक्षासूत्र बाँधने से देवताओं की शक्ति बढ़ गई और उन्हें दानवों पर जीत प्राप्त हुई।

प्र०4. मुगल सम्राट हुमायूँ को किस महारानी ने राखी भेजी थी?

न करी पृथ्वी का
र्षा है, वहाँ र

29

उ०:- चित्तौड़ की विधवा महारानी कर्मवती ने अपने राज्य को संकट से बचाने के लि मुगल सम्राट हुमायूँ को राखी भेजकर मदद माँगी थी।

प्र० 5. राखी के दिन बहने क्या करती है ?

उ०:- राखी के दिन बहने भाइयों के माथे पर कुमकुम, रोली एवं अक्षत से तिलक करती है इसके बाद भाई की कलाई पर रेशम की डोरी से बनी राखी बाँधती हैं और मिठा से भाई का मुँह मीठा कराती हैं। बहनें राख बाँधने के बाद भाई की आरती उतारकर उसकी लंबी उम्र, सुख व उन्नति की कामना करती

प्र० 6. राखी पर बहनों को भाइयों से क्या प्राप्त है ?

उ०:- राखी पर बहनों को भाइयों से रक्षा का आशीर्वाद, उपहार व धन प्राप्त होता है।

-:0:-

**प्र. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए–**

रक्षाबंधन, प्रतिवर्ष, सामान्यतया, सम्मानित, संबंधियों, प्रतिष्ठित, संरक्षण, आक्रमण, श्रावण, पूर्णिमा, स्नान, आशीर्वाद, उन्नति

## लिखित

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. राखी का त्योहार कब मनाया जाता है?
2. इंद्र की कलाई पर रक्षासूत्र बाँधने से क्या हुआ?
3. मुगल सम्राट हुमायूँ को किस महारानी ने राखी भेजी थी?
4. राखी के दिन बहनें क्या करती हैं?
5. राखी पर बहनों को भाइयों से क्या प्राप्त होता है?

**प्र. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. इस त्योहार पर ___राखी___ का सबसे अधिक महत्व है। (राखी/घड़ी)
2. प्रकृति संरक्षण हेतु ___वृक्षों___ को राखी बाँधने की परंपरा भी प्रारंभ हो गई है। (पशुओं/वृक्षों)
3. एक बार दानवों ने ___देवताओं___ पर आक्रमण कर दिया। (देवताओं, पृथ्वी)
4. सिकंदर की पत्नी ने भी अपने पति के हिंदू शत्रु ___पुरु___ को राखी बाँधकर उसे अपना भाई बनाया था। (इंद्र, पुरु)
5. बहनें राखी बाँधते समय भाई की लंबी ___उम्र___ तथा सुख व उन्नति की कामना करती हैं। (उम्र/यात्रा)

**. बहुविकल्पीय प्रश्न**

**सही उत्तर वाले विकल्प पर ✓ लगाइए–**

1. राखी का त्योहार किस माह में मनाया जाता है?
   - (i) फाल्गुन में ☐
   - (ii) श्रावण (सावन) में ☑
   - (iii) कार्तिक में ☐
   - (iv) भाद्रपद में ☐

31

2. राखी के त्योहार का दूसरा नाम है–
   - (i) राखीबंधन ☐ (ii) रक्षाबंधन
   - (iii) जीवनबंधन ☐ (iv) समयबंधन
3. पुराणों के अनुसार राखी बाँधी जा सकती है–
   - (i) जिसकी रक्षा एवं उन्नति की इच्छा रखते हैं ☑
   - (ii) जिससे कोई सीख मिलती है ☐
   - (iii) जो हमारा पालन-पोषण करता है ☐
   - (iv) जिससे हम बचना चाहते हैं ☐
4. चित्तौड़ की विधवा महारानी कर्मवती ने किसे राखी भेजी थी ?
   - (i) मुगल सम्राट बाबर को ☐ (ii) मुगल सम्राट हुमायूँ को
   - (iii) मुगल सम्राट अकबर को ☐ (iv) मुगल सम्राट शाहजहाँ को

## घ. विचारात्मक प्रश्न

- राखी के त्योहार की कौन-सी बात आपको सबसे अच्छी लगती है ?
- यदि आप लड़के हो तो राखी पर अपनी बहन को क्या उपहार देना पसंद क

**भाषा-बोध**

## क. विपरीत (उल्टे) लिंग वाले शब्द लिखिए–

1. भाई — बहन 2. देवता — दानव
3. पत्नी — पति 4. लड़की — लड़का
5. महारानी — महाराजा 6. बालक — बालिका

## ख. उदाहरण देखकर उसी प्रकार के शब्द लिखिए–

1. क् + श = क्ष – रक्षा = कक्षा समीक्षा
2. क् + त = क्त – शक्ति = शक्ति युक्ति
3. म् + म = म्म – सम्मान = निकम्मा अम्मा
4. च् + च = च्च – कच्चा = बच्चा सच्चा
5. त् + य = त्य – त्योहार =

ग. दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के अर्थ का अंतर समझिए–

1. देवराज इंद्र की पत्नी देवताओं की हार से घबरा गईं। (हार-पराजय)
   सीता ने राम को हार पहनाया। (हार-माला)
2. आज गुरु वार है। (दिन का नाम)
   गुरु को प्रणाम करो। (शिक्षक)

जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं।

निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों का अर्थ के अनुसार वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

लाल
- लाल रंग: मुझे लाल रंग बहुत पसंद है।
- बेटा: मेरा लाल (बेटा) बहुत समझदार है।

दो
- संख्या: दो और दो चार होते हैं।
- देना: दादाजी को चाय दो। (देना)

पाठेतर कार्य

क. पाठ में आई दानव और देवता की कहानी को अपने शब्दों में सुनाइए।

ख. राखी का एक चित्र बनाइए– H.W.